आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

नड्डा दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज से दो दिवसीय दौरे पर हिमाचल प्रदेश आ रहे हैं। जगत प्रकाश नड्डा आज बिलासपुर स्थित एम्स में विकासात्मक गतिविधियों की समीक्षा करने के अलावा अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। इसी तरह कल 5 अक्तूबर को केंद्रीय मंत्री भाजपा जिला कार्यालय सिरमौर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे और जनता को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान वे नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय देहरा की उद्घाटन पट्टिका का अनावरण भी करेंगे।

पायलट प्रोजेक्ट

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट को आरम्भ किया है। इस योजना का उद्देश्य् पांच वर्षों में देश की शीर्ष पांच सौ कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। सरकार ने इसके लिए आठ सौ करोड रुपये की राशि निर्धारित की है। सरकार का लक्ष्यं वित्त वर्ष 2024–25 में सवा लाख इंटर्नशिप देने का है। योजना को पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट आईएन पोर्टल के माध्यम से लागू किया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए उम्मीदवार इस महीने की 12 से 25 तारीख तक आवेदन कर सकते हैं।

पठानिया

प्रदेश में पहली बार आयोजित राष्ट्रीय जूनियर कुराश चैंपियनशिप में 24 राज्यों के लगभग 7 सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के 12वें चरण के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश में पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता में कुराश जैसे नए खेलों के प्रति बच्चों का शानदार रुझान देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों से विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार के साथ ही अनुशासन का बेहतर अनुसरण भी होता है।

विक्रमादित्य

प्रदेश की 4 सडकों और ब्रिज के लिए केंद्र सरकार 2 सौ 93 करोड़ 36 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। केंद्र सरकार ने ये राशि सीआरआईएफके तहत मंजूर की है। ये जानकारी साझा करते हुए प्रदेश लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का प्रदेश के विकास में सहयोग के लिए आभार जताया है।

नवरात्र

शारदीय नवरात्रों के दूसरे दिन आज मां दर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मां ब्रह्मचारिणी का उदभव ब्रहमदेव के कमंडल से माना जाता है। ब्रह्मदेव की शक्ति स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी को सृष्टि का कारक माना जाता है। ब्रह्मचारिणी देवी वैराग्य, ज्ञान और ध्यान की अधिष्टात्री देवी है। प्रदेश के शक्तिपीठों सहित सभी मंदिरों में मां की अराधना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी है, और मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

क्रूज

बिलासपुर गोबिंदसागर झील में आम लोगों व पर्यटकों को झील की सैर करवाने के लिए जल्द ही क्रूज व शिकारे की सुविधा मिलेगी। मंडी में भराड़ी के समीप उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक की उपस्थिति में पर्यटन शिकारे का ट्रायल किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि गोविंद सागर झील और कोल डैम में वॉटर स्पोट्र्स एक्टिविटी और पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए ये पहल की गई है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर गोबिंदसागर झील में पर्यटक वोट, शिकारे व अन्य रोमांचक खेलों को जल्द विधिवत रूप आरम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा सैलानियों को आकर्षित करने के लिए यहां कई प्रकार के वॉटर स्कूटर, शिकारे आदि के अलावा झील पर जिपलाईन तैयार की जाएगी जबकि स्काई वॉक ब्रिज निर्मित करने की भी योजना है, जिससे क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

समर्थ कार्यक्रम

आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समर्थ कार्यक्रम 2024 के तहत ऊना जिला में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में समर्थ कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को नुक्कड़ नाटकों के जरिए आपदा जोखिमों और तैयारियों के उपायों बारे जागरूक किया जाएगा। यह कार्यक्रम 7 अक्टूबर से 15 अक्तूबर तक चलेंगा  जिसमें कलाकारों द्वारा लोगों को आपदा जोखिम को कम करने और आपदा के दौरान की जाने वाली तैयारियों व उपायों बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। एडीसी ने बताया कि समर्थ कार्यक्रम के तहत जिला के घनी आबादी वाले इलाकों व विभिन्न बस अड्डों पर नुक्कड़ नाटकों के जरिए जागरूकता सन्देश जन जन तक पहुंचाया जायेगा।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खिया पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है.....

स्ट्रीट वेंडर कमेटी की कल विधानसभा में हुई पहली बैठक को दैनिक जागरण ने शीर्षक दिया है–हिमाचल में तहबाजारियों के लिए पहचान प्रदर्शित करना हो सकता है अनिवार्य। इसी खबर को दैनिक भास्कर की सुर्खी है–स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी पर जनता व वेंडर्स से लिए जाएंगे सुझाव।

सोलन से कैथलीघाट तक बिना डीपीआर ही बन रहा फोरलेन शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–मामले को हाईकोर्ट ने बताया गंभीर–एनएचएआई से दो सप्ताह में मांगा जबाव। इसी अखबार की एक अन्य खबर है–बगुलामुखी रोपवे का ट्रायल सफल–उद्घाटन के लिए सीएम से फिर लेंगे समय।

हिमाचल में भर्ती होंगे एक हजार 88 विशेष कांस्टेबल शीर्षक से

अमर उजाला लिखता है–अभ्यर्थी 31 तक करें आवेदन–लोक सेवा आयोग ने शुरू की प्रकिया। इसी खबर को दैनिक सवेरा टाईम्स लिखता है–हिमाचल में एक हजार 88 पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती प्रकिया शुरू।

साढे चार साल की उमर में मां संग मांगी भीख अब डॉक्टर बन देगी मरीजो को नई जिंदगी शीर्षक से पंजाब केसरी ने धर्मशाला की पिंकी की सफलता को प्रकाशित किया है।

इसी खबर को हिमाचल दस्तक ने सुर्खी दी है–कभी भीख मांगने वाले हाथ अब करेंगे मरीजों का इलाज।

आपका फैसला लिखता है–8 सौ 88 आवश्यक दवाओं और 2 सौ 73 उपकरणों की खरीद करेगी सरकार–स्वास्थ्य विभाग की बैठक में मंत्री ने दिए निर्देश।

..............................................